आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मुख्य समाचार :–

- केन्द्र सरकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया।
- केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चंद्रयान–4 मिशन और वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी दी।
- पिथौरागढ़ जिले के आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर चार दिन बाद यातायात सुचारू।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बच्चो के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिये एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ किया।

एक राष्ट्र एक चुनाव

केंद्र सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे, जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकाय चुनाव आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्रिमण्डल

केंद्रीय मंत्रिमण्डल ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चंद्रयान–4 मिशन और वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमण्डल के फैसलों की जानकारी देते हुए सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग के बाद पृथ्वी पर वापस आने की प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए चंद्र मिशन को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि शुक्र ग्रह के वातावरण की ज्यादा जानकारी के लिए वीनस ऑर्बिटर मिशन को भी मंजूरी दी गई है।
श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने रबी सीजन 2024–25 के लिए फास्फेट और पोटाश उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी को भी स्वीकृति दी है। इस पर 24 हजार करोड रुपये से अधिक का व्यय होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार–चढाव पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना को जारी रखने को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने 79 हजार 156 करोड रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को भी स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि इस योजना से जनजातीय समुदायों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

कृमि नाशक दवा

प्रदेशभर में 10 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दौरान किन्ही कारणो से दवाई न ले सके बच्चों को आज कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। जो बच्चे आज भी दवा लेने से छूट गए हैं, उन्हें कल एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।
चम्पावत जिले में स्वास्थ्य कर्मी घर–घर जाकर दवा लेने से छूटे बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिला रहे है। जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ देवेश चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर चम्पावत जिले में 1 से 19 आयु वर्ग के लगभग 80 हजार बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाने के लक्ष्य रखा गया था लेकिन बीमारी या अन्य कारणों से छूटे बच्चों को अब यह दवा खिलाई जा रही है।

## बिजली सब्सिडी

राज्य सरकार, प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने जा रही है। इसके तहत प्रदेश के गरीब बिजली उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट तक बिजली खर्च पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में इसके लिए 200 यूनिट तक का मानक बनाया गया है। इस योजना से प्रदेश के लगभग 11 लाख 40 हजार उपभोक्ताओं को लाभ होगा। प्रदेश के ऊर्जा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि जल्द ही इस योजना के अनुमोदन के बाद इसका सरकारी आदेश जारी हो जएगा।

## यात्रामार्ग–सुचारू

पिथौरागढ़ जिले के आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर आज चार दिन बाद यातायात सुचारू हो गया है। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद भूस्खलन के चलते यह मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह से बंद हो गया था। इसके चलते ऊंचाई वाले इलाकों में फंसे यात्रियों को हेलीकॉप्टर के जरिए नीचे लाया गया। जिला प्रशासन का कहना है की मौसम के हालात को देखते हुए ही यात्रियों को इनर लाइन पास जारी किए जाएंगे। उधर, चमोली जिले के देवाल विकासखंड के लोहाजंग–वाण मोटर मार्ग के छाजडी क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग ने बैली ब्रिज का निर्माण पूरा कर लिया है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जगदीश टम्टा ने बताया कि पुल पर कुछ कार्य शेष हैं, जिन्हें अगले दो दिनों में पूरा कर बड़े वाहनों की आवाजाही भी शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि 23 अगस्त को छाजडी गदेरे में बादल फटने के कारण थराली–देवाल–लोहाजंग–वाण मोटर मार्ग पूरी तरह वॉश आउट हो गया था।

## एनपीएस वात्सल्य

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ किया। एनपीएस वात्सल्य माता–पिता को पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने और चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति के साथ दीर्घकालिक धन सुनिश्चित करने की अनुमति देगा। एनपीएस वात्सल्य लचीले योगदान और निवेश विकल्प प्रदान करता है, जिससे माता–पिता बच्चे के नाम पर सालाना एक हजार रुपये का निवेश कर सकते हैं।

यह नई पहल बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई है, जो भारत की पेंशन प्रणाली में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण के तहत चलाई जाएगी।

एनपीएस वात्सल्य योजना के शुभारम्भ अवसर पर राजकीय इंटर कालेज पौड़ी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विज्ञान भवन दिल्ली से जुड़ा। इस अवसर पर स्कूल में छात्रों के लिए बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों और नाबार्ड अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। उधर, जिला सभागार उत्तरकाशी में स्थानीय लोगों को, स्कूल से बच्चों और उनके माता–पिता को एन पी एस वात्सल्य योजना के शुभारंभ अवसर पर आमंत्रित किया गया। इस दौरान सभी को योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## रिपोर्ट तलब

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने प्रदेशभर के सभी संग्रह केंद्रों की वास्तविक उपयोगिता के सम्बन्ध में रिपोर्ट तलब की है। उन्होंने सभी संग्रह केंद्रों की लोकेशन मैपिंग, उनके संचालन की स्थिति और वर्तमान में उनके वास्तविक उपयोग पर एक विस्तृत रिपोर्ट सम्बन्धित विभाग से मांगी है। मुख्य सचिव ने ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना– रीप के तहत सड़क किनारों की सुविधाओं और क्लेक्शन सेन्टर निर्माण की इकाई दरों के संशोधन के प्रस्ताव पर सहमति दी है। उन्होंने कृषि विभाग को पर्वतीय फसलों, दालों तथा मिलेट के प्रमाणित बीजों के उत्पादन में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रोजेक्ट पर अनुमोदन देते हुए रीप के तहत इस क्षेत्र में 400 उद्यमियों को तैयार करने का लक्ष्य समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने विभिन्न क्षेत्रों में दो हज़ार चार सौ से अधिक उद्यमी तैयार करने के 60 करोड़ रुपए के प्रस्तावों पर भी सहमति दी।

मुख्य सचिव ने रीप परियोजना के तहत अधिक से अधिक स्थानीय महिलाओं को घरेलू पशुओं के स्वास्थ्य कर्मियों के रूप में प्रशिक्षित करते हुए दो हजार 400 पशुसखी किट वितरित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए इस लक्ष्य को समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सीबीएसई

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले 9वीं और 11वीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण आज से आरंभ हो गया है। सीबीएसई की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर है।

रक्तदान

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून के किशन नगर चौक स्थित आत्माराम धर्मशाला में आयोजित बहुउदेशीय शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में श्रमिक कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान भी किया।

इस अवसर पर श्री जोशी ने रक्तदान को लेकर समाज में जागरुकता लाने और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब रक्तदान का महत्व लोग समझेंगे, तभी नियमित रूप से रक्तदान करने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी।

गिरफ्तारी

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), उत्तराखंड के मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल, की रूद्रपुर यूनिक ने ऊधमसिंह नगर के किच्छा से नशीले पदार्थ के साथ एक अन्तर्राज्जीय नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब नब्बे लाख रुपए की कीमत की स्मैक बरामद की गई है। गौरतलब है कि मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल–ए.एन.टी.एफ ने इस वर्ष अब तक छह किलोग्राम से अधिक स्मैक, 19 किलोग्राम से जदा चरस, पांच किलोग्राम अफीम और, तीन सौ किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। तस्करी के आरोप में 39 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।